बोइंग डिफेंस के सीईओ से सीतारमण की मुलाकात में एमआरओ पर चर्चा

By PTI | वाशिंगटन | 2022-04-25T05:03:44+05:30

23 अप्रैल (भाषा) वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग डिफेंस के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) टेड कोलबर्ट से मुलाकात कर भारत में विमानों के रखरखाव

वित्त मंत्री आईएमएफ-डब्ल्यूबी सम्मेलन 2022 में भाग लेने के लिए अमेरिका की यात्रा पर आई हुई हैं। बोइंग के मुखिया से उनकी मुलाकात के बाद वित्त मंत्रालय ने एक ट्वीट में इस मुलाकात में उठे मुद्दों की जानकारी दी।

कोलबर्ट ने कहा कि बोइंग भारत में अपने परिचालन का विस्तार कर रहा है और 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण के लिए प्रतिबद्धता रखता है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की तरफ से उठाए गए सुधारात्मक कदमों के कारण भारत के पास एमआरओ गतिविधियों का वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता है।

वित्त मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष एवं विश्व बैंक की स्प्रिंग बैठक से इतर जलवायु परवर्तन पर गठित समूह सीओपी26 के अध्यक्ष आलोक शर्मा से भी मुलाकात की।

वित्त मंत्रालय ने एक अन्य ट्वीट में इस मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा, "केंद्रीय वित्त मंत्री और आलोक शर्मा ने जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों पर चर्चा की।"

भाषा जोहेब प्रेम